# सात समंदर पार जैन धर्म की प्रभावना

## गौरझामर में कैलिफोर्निया से आए श्रद्धालुओं ने 60 एकड़ में बनाए जा रहे मंदिर की जानकारी शंका समाधान में दी

नवभारत न्यूज

**सागर/गौरझामर 25 दिसंबर. सात समंदर पार कैलिफोर्निया में जैन धर्म की प्रभावना स्वर्ण युग की शुरुआत है. गौरझामर में आयोजित शंका समाधान कार्यक्रम में आए श्रद्धालुओं ने मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज के समक्ष दी गई.**

आज गुरुवार की सुबह मुनि संघ की गौरझामर में मंगल आगवानी हुई. श्रद्धालुओं द्वारा जैन मंदिर मार्ग तक रंगोली सजाई गई और मुनिश्री की आरती उतारी गई. साथ ही मुनिश्री के पाद-प्रच्छालन किया गया. दोपहर में मुनि संघ के विहार के पूर्व आयोजित शंका समाधान कार्यक्रम में देवरी विधायक ब्रजविहारी पटैरिया ने पहुंचकर श्रीफल भेंट किया और आर्शीवाद प्राप्त किया. इस अवसर पर श्री पटैरिया ने कहा कि मेरे क्षेत्रवासियों का सौभाग्य है कि मुनि संघ के चरण गौरझामर में पड़े. मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज के नाम के अनुरुप ही स्वभाव और आचरण भी है. मुनिश्री साहित्य, संस्कार, सन्यास की अद्भुत त्रिवेणी हैं. साहित्य में रुचि होना अलग बात है. साहित्य का सृजन करना अलग बात है. इस अवसर पर शंका समाधान कार्यक्रम में पूर्णायु जबलपुर की सौम्या जैन ने मुनिश्री के समक्ष सवाल रखा कि ऐलोपेथी से आयुर्वेद बेहतर है मगर समाज में आयुर्वेद के नाम पर हतोसाहित किया जाता है जबकि आयुर्वेद को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए. मुनिश्री ने कहा कि आयुर्वेद में औषधि दी जाती है जबकि ऐलोपेथी में दवा दी जाती है दोनों में जमीन आसमान का अंतर है. दवा जो रोग को दवा देता है तो वहीं आयुर्वेद शरीर का सोधन कर बीमारी को दूर कर देता है. मुनिश्री ने कहा कि मैं ऐलोपेथी को भी कम नहीं मानता हूँ क्योंकि उपचार और शल्य चिकित्सा में ऐलोपेथी ही काम आती है. मुनिश्री ने कहा कि आयुर्वेद को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए. मगर रसायन के बड़ते प्रयोग पर रोक लगना चाहिए. इस अवसर कैलिफोर्निया से आए युवा श्रद्धालुओं ने जानकारी दी कि 60 एकड़ में मंदिर का निर्माण पत्थर से किया जा रहा है कुछ तकनीकी समस्याएं रह गई हैं जिस पर मुनिश्री ने कहा कि सात समंदर पार जैन धर्म की प्रभावना स्वर्ण युग की शुरुवात है. इस अवसर पर गौरझामर में भावना योग केंद्र शुरु करने के लिए कुछ युवाओं ने मुनिश्री से आर्शीवाद मांगा जिस पर मुनिश्री ने आगामी 30 दिन तक भावना योग करने वाले श्रद्धालुओं से सहमति लेकर प्रदेश का दूसरा केंद्र गौरझामर में खोले जाने की बात कही. कार्यक्रम में इंजी रमेशचंद जैन, मुकेश जैन ढाना, जिनेंद्र जैन गौरझामर, तरुण जैन कोयला सहित बड़ी संख्या में आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु मुनि संघ के दर्शन कर आर्शीवाद प्राप्त करने पहुंचे.

### मुनि संघ का काछी पिपरिया की ओर विहार

शंका समाधान कार्यक्रम के बाद मुनि संघ का गौरझामर से काछी पिपरिया की ओर विहार हुआ. कल सुबह मुनि संघ की आगवानी काछी पिपरिया में होगी. रात्रि विश्राम रास्ते में होगा. शंका समाधान कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक श्री पटैरिया ने नए वर्ष तक गौरझामर में ही मुनिश्री का सानिध्य प्राप्त करने के लिए निवेदन किया. साथ ही मंचासीन मुनिश्री ने भी मुनि संघ से सात दिन का गौरझामर में सानिध्य मिलने के लिए निवेदन किया गया.

# खेलना हार नहीं, खेल जीवन का सबसे बड़ा शिक्षक: सांसद

नवभारत न्यूज

**सागर 25 दिसंबर. सिटी स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव का समापन हुआ.**

समापन समारोह में कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत मुख्य अतिथि, अध्यक्षता सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने की. विशिष्ट अतिथियों में पूर्व मंत्री व खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह, विधायक शैलेंद्र जैन, प्रदीप लारिया, सूर्यप्रकाश मीणा, हरिसिंह सप्रे, वीरेंद्र सिंह लंबरदार, निर्मला सप्रे, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, महापौर संगीता तिवारी, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, संभाग आयुक्त अनिल सुचारी, कलेक्टर संदीप जी.आर. जिपं सीईओ विवेक केवी, जिला शिक्षा



अधिकारी अरविंद जैन, पूर्व विधायक नारायण प्रसाद कबीरपंथी, हरवंश सिंह राठौर, गृहस्थ संत केशव गिरी महाराज, हरिराम सिंह ठाकुर, सांसद खेल महोत्सव के लोकसभा प्रभारी अनिल तिवारी मौजूद रहे. स्वागत भाषण में सांसद डॉ. वानखेड़े ने कहा कि खेल हमें गिरना नहीं, बल्कि गिरकर उठना सिखाता है, मैदान में हार जाना असफलता नहीं है, असली हार तब होती है जब हम प्रयास करना छोड़ देते हैं. कैबिनेट मंत्री श्री राजपूत और अन्य अतिथियों द्वारा विभिन्न खेलों के विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए. कार्यक्रम में रामेश्वर नामदेव, मुकेश तिवारी, रविसिंह ठाकुर, कैलाश चौरसिया, उमेश सिंह केवलारी, आशालता सिलाकारी, निकेश गुप्ता, विजय गौतम, संतोष ठाकुर, मनीष नेमा का विशेष सहयोग रहा.

## एक नजर में



### प्रो. राजपूत ने पदभार ग्रहण किया

**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में मानविकी एवं समाज विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ दिवाकर सिंह राजपूत ने निदेशक अकादमिक गतिविधियाँ के रूप में पदभार ग्रहण किया. प्रो. राजपूत ने विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर वाय एस ठाकुर से सौजन्य भेंट की और आगामी कार्ययोजनाओं पर चर्चा की.




### कांग्रेस सेवादल ने पुण्यतिथि पर किया स्मरण

**सागर.** सागर विश्वविद्यालय के संस्थापक डॉ. सर हरिसिंह गौर की पुण्यतिथि पर कांग्रेस सेवादल ने उन्हें श्रृद्धांजलि अर्पित की. गौर मूर्ति तीनबत्ती पर गौर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर स्मरण किया. साथ ही काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रणेतामदन मोहन मालवीय की जन्म जयंती पर उन्हें भी याद किया. इस दौरान शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जितेन्द्र रोहण, लल्ला यादव, प्रवीण यादव, अंकुर यादव,परख शुक्ला, अन्नू घोसी, रवि जैन, आकाश नामदेव, आकाश रजक उपस्थित रहे.



### अब तक 63 से अधिक हुईं सर्जरी

**सागर.** बीना रिफाइनरी, विश्व की सबसे बड़ी क्लेफ्ट-केन्द्रित गैर सरकारी संस्था स्माइल ट्रेन इंडिया के साथ साझेदारी भोपाल और सागर संभाग के 11 जिलो में नि:शुल्क क्लेफ्ट सर्जरी कर रही है. अक्टूबर से अब तक 63 बच्चों को स्माइल ट्रेन के विश्वसनीय पार्टनर अस्पतालों के नेटवर्क के माध्यम से नि:शुल्क, जीवन बदलने वाली सर्जरी का लाभ मिल चुका है.




### वृद्धाश्रम में किया गया अन्नदान

**सागर.** जे.पी. पावर प्लांट बीना के परिसर में स्थित सरदार पटेल हाई सेकेंडरी स्कूल के छात्र/छात्राओं एवं शिक्षको द्वारा लगभग 10 क्विंटल आटा, दाल, चावल, एवं अन्य खाद्य सामग्री स्वयं द्वारा एकत्र कर घरौदा, वृद्धाश्रम में दान दिया गया. विद्यालय के संरक्षक एवं जे.पी. पावर प्लांट के परियोजना प्रमुख कमलेश सोनी व विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती अनु सोनी द्वारा हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को बस द्वारा वृद्धाश्रम हेतु रवाना करवाया गया. विद्यार्थियों ने वृद्धाश्रम पहुँचकर वृद्धजनों को अपने हाथों से अन्न का दान दिया. प्राचार्य कपिल देव शुक्ला ने सभी छात्र,छात्राओं,शिक्षकों एवं आश्रम के कर्ता-धर्ता का आभार व्यक्त किया.

### डॉ. गौर की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित

**बंडा.** सागर विश्वविद्यालय के संस्थापक डॉ सर हरीसिंह गौर की 76 वीं पुण्यतिथि पर वार्ड क्रमांक 9 नया मुहल्ला स्थित दीपक दुबे बंडा के निवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. श्री दुबे बंडा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में डॉ गौर के द्वारा दिया गया योगदान अद्वितीय है, डॉ गौर के जैसा और कोई दूसरा महान दानवीर नहीं हो सकता, वे सागर विश्वविद्यालय के संस्थापक थे. कार्यक्रम में लोकेंद्र विश्वकर्मा, राहुल दुबे, शैलेश ठाकुर, गजेंद्र सिंह बूड़ाखेरा, रघुराज यादव, श्यामकिशोर प्रजापति, कुलदीप सिंह कंदारी सहित अनेक युवा उपस्थित रहे.

# राजस्व अधिकारी को निर्देश

नवभारत न्यूज

**सागर 25 दिसंबर. नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने नगर निगम क्षेत्रांतर्गत शासकीय भवनों से संपत्तिकर सहित अन्य सभी करों की वसूली करने हेतु कार्रवाई करने के निर्देश राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी को दिए हैं.**

निगमायुक्त ने बताया कि शासकीय विभागों एवं संस्थाओं के भवनों पर अधिरोपित सेवा प्रभार का नगरीय निकायों को भुगतान करने के संबंध में आदेश में लेख किया गया है कि प्रावधानों अनुसार संघ सरकार तथा राज्य सरकार के भवनों एवं भूमियों को संपत्ति कर से छूट प्राप्त है,परन्तु वह जलप्रदाय जल निकास एवं मलवहन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा अन्य किसी प्रकार की प्रदान की गई सेवाओं के लिए उपभोक्ता प्रभार अधिरोपित करेगी. वर्तमान में शासकीय भूमि एवं भवनों पर अधिरोपित सेवा प्रभार का नियमित भुगतान विभागों द्वारा नहीं किया जा रहा है.

सेवा प्रभार नगरीय निकायों का वैधानिक अधिकार है तथा उसके भुगतान न होने के कारण उनकी आय में भारी कमी आती है, जिसके कारण उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं पर दुष्प्रभाव पड़ता है.

# नियमों की अनदेखी पर होगी सख्त कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**बीना 25 दिसंबर. नगर पालिका की लगातार चेतावनी के बावजूद शहर में सब्जी और फल विक्रेता सड़क पर दुकानें लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं.**

स्थानीय लोगों ने बताया कि अतिक्रमण विरोधी दस्ते को देखते ही दुकानदार अपना सामान समेट लेते हैं, लेकिन टीम के जाते ही दोबारा सड़क पर कब्जा कर लेते हैं, इससे यातायात और आम लोगों को परेशानी हो रही है. सीएमओ राहुल कौरव ने सर्वोदय चौराहा और अंबेडकर चौराहा क्षेत्र का निरीक्षण किया.



निरीक्षण के दौरान जिन दुकानदारों ने दुकानों के बाहर सामान फैला रखा था, वे अमले को देखकर जल्दबाजी में सामान अंदर करते नजर आए. वहीं सड़क पर ठेले लगाने वाले विक्रेता अपने ठेले गलियों में ले जाते दिखे. सीएमओ ने कहा कि नपा द्वारा तय किए गए स्थानों पर ही दुकानें और ठेले लगाए जाएं, नियमों का उल्लंघन करने पर अब चालानी कार्रवाई की जाएगी. नगर पालिका शहर की मुख्य सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है. इससे पहले सर्वोदय चौराहा, अंबेडकर चौराहा और पुलिस थाने के पास सब्जी और फल ठेले लगाने वालों को खुरई रोड ओवरब्रिज के नीचे और अंबेडकर तिराहे से आगे स्थानांतरित किया गया था.


### सट्टा एवं अवैध शराब का कारोबार चल रहा

**बंडा.** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में सट्टा एवं अवैध शराब का कारोबार फल फूल रहा है. सट्टा खिलाने वाले अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में ग्राम विनायका, रुरावन, मगरधा, कदवा ग्राम से बुकिंग लेकर नगर में बुकिंग देते हैं. नगर के बरा चौराहा, संजय कॉलोनी, बिजली ऑफिस के पास देवपुरा, सिविल लाइन, खुशीपुरा सहित नगर में चाय पान दुकान पर हाथ में पर्ची लेकर बुकिंग करते हुए देखे जा रहे हैं. इन सटोरियों को उच्च राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है. इसी प्रकार से अवैध शराब बेचने वाले सुबह-सुबह उनके घर शराब की डिलीवरी से पहुंच जाती है.

# क्रिसमस पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया

नवभारत न्यूज

**सागर 25 दिसंबर. क्रिसमस पर्व के पावन अवसर पर सेंट थेरेसा कैथेड्रल चर्च में क्रिसमस मिस्सा का आयोजन किया.**



इस पवित्र मिस्सा बलिदान की अध्यक्षता बिशप जेम्स अथिकालम ने की. इस अवसर पर पल्ली पुरोहित, फादर जोसे ली सिरक्कोवे, सहायक पल्ली पुरोहित फादर निक्सन सहित अनेक पुरोहितों ने सह-उत्सव किया. प्रवचन में बिशप जेम्स अथिकालम ने कहा कि यीशु मसीह संसार में प्रकाश बनकर आए, और उसी प्रकार प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन से प्रेम, शांति और करुणा का प्रकाश फैलाना चाहिए. क्रिसमस पर्व के उपलक्ष्य में सेंट थेरेसा कैथेड्रल चर्च एवं बिशप हाउस परिसर में गरीबों और जरूरतमंदों के लिए भोजन वितरण का आयोजन भी किया गया. क्रिसमस दिवस पर लोग सेंट थेरेसा कैथेड्रल चर्च पहुँचे. सुंदर ढंग से सजाया गया कैथेड्रल और रोशनी से जगमगाता बिशप हाउस पूरे शहर के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा.

### समर्थ ने कैट में प्राप्त किए 99.9 पर्सेंटाइल

**सागर.** परीक्षा कैट के परिणाम घोषित किए गए जिसमें समर्थ गोस्वामी ने 99.9 परसेंटाइल हासिल की है. इसके पूर्व समर्थ ने आईआईटी दिल्ली से बीटेक किया है इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल किया है. समर्थ की प्रारंभिक शिक्षा सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल से हुई है. समर्थ के पिता आरके गोस्वामी विशेष कर्तव्य अधिकारी उच्च शिक्षा तथा मां उपमंडल अभियंता के पद पर कार्यरत है.



# गणित दिवस पर व्याख्यान




नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 25 दिसंबर. शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद एमपी सीएसटी एवं एनसीएसटीसी के द्वारा आयोजित किया गया.**

आयोजन समिति सचिव रश्मि जैन, सह सचिव दीपशिखा नेमा एवं निधि नागाइच रही. रंगोली, निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता और व्याख्यान एवं पोस्टर प्रतियोगिता हुई. डॉ रश्मि जैन ने कहा कि गणित जीवन की मूलभूत अनिवार्यता है. इस दौरान डॉ मुनेश्वर हैम्ब्रेन, डॉ कैवल्य अभिषेक तिवारी ने व्याख्यान दिया. संचालन डॉ श्रीकांत रिंगे ने किया. इस दौरान प्राचार्य डा. चंदन सिंह सागर, भरत पटेल, प्रदीप यादव, ऋतु व्यास, अपर्णा दुबे मौजूद थीं.



# शहर कांग्रेस की बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

**सागर 25 दिसंबर. जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने एसआईआर के द्वितीय चरण को लेकर कांग्रेसजनों के साथ बैठक कर समीक्षा की.**

इस अवसर पर श्री जाटव ने कहा कि प्रत्येक कांग्रेस जन एवं बीएलए का कर्तव्य है कि कोई पात्र इसमें ना छूटे वोटर लिस्टों कि वह समीक्षा कर लें जिनके नाम नहीं जुड़े हैं उनके नाम जुड़वाने में लोगों की मदद करें. बैठक में मुख्य अतिथि प्रभारी जितेंद्र जैन क्रांतिकारी ने कहा कि मतदाता सूची में अभी आप अगर काम ठीक से करेंगे तो उसके परिणाम भी सभी के लिए हार जीत का लक्ष्य तय करेगा. बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमित रामजी दुबे ने कहा कि हम और आप तय कर लें की पूरी ताकत से मतदाता सूची में हो रही गड़बड़ियों को मिटाने में कोई कसर बाकी रखेंगे. बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष हेमराज रजक, नरेंद्र मिश्रा, वीरेंद्र राजे, शरद पुरोहित, लक्ष्मी नारायण सोनकिया, विनोद कोरी, दीनदयाल तिवारी, निशार राईन शैलेंद्र तोमर आदि मौजदू रहे.

### टॉपर सूची में आयुष

**सागर.** लॉ कंसोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज, बेंगलुरु द्वारा देशभर के 23 राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों में प्रवेश हेतु आयोजित कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट का आयोजन कया गया. प्रतियोगी परीक्षा में छात्र आयुष जैन ने 94.75 स्कोर प्राप्त कर सीएलएटी की टॉपर सूची में स्थान बनाते हुए ऑल इंडिया रैंक 581 हासिल की है. आयुष सेंट जोसेफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र रहे हैं तथा उन्होंने कक्षा 12वीं में 95 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं. आयुष ने बताया कि उनके प्रेरणास्त्रोत उनके परदादा स्व. जे.डी. जैन, प्रख्यात अधिवक्ता एवं नोटरी तथा दादा स्व. वीरेन्द्र जैन, सागर विश्वविद्यालय के पूर्व लॉ ऑफिसर रहे हैं.



# मुख्य मार्गों से हटाया गया अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 25 दिसंबर. नगर पालिका परिषद ने घंटाघर से लेकर सदर कांटे तक सड़क पटरी के दोनों ओर अतिक्रमण हटाया गया. इस दौरान ईओ ने समस्त दुकानदारों से कहा कि जो भी दुकानदार पालिका की नाली व सड़क पर अवैध रूप से सामग्री रखकर अतिक्रमण किये हुए है वह उन्हें स्वतः ही हटा लें.**



उन्होंने कहा कि नदी पुल से लेकर रेलवे स्टेशन तक सड़क पटरी के दोनों ओर का अतिक्रमण हटाया जाना है, यह अभियान निरंतर जारी रहेगा. नगर पालिका की टीम द्वारा जेसीबी के माध्यम से घंटाघर चौराहे के आसपास, प्रधान डाकघर के सामने वाली गली, सीओ कार्यालय के बगल में, प्रधान डाकघर के सामने, इसके अलावा सदर कांटा होते हुए सड़क पटरी के दोनों ओर अतिक्रमण हटाया गया. ईओ दिनेश विश्वकर्मा द्वारा समस्त दुकानदारों को सख्त हिदायत भी दी गई कि जो भी सड़क पटरी पर डिब्बे, खोखे आदि रखकर एवं सड़क पटरी पर सामग्री रखकर अतिक्रमण किये हुए है, उन समस्त रेहडी पटरी व्यवसासियों को पालिका द्वारा चर्च रोड के पास पालिका द्वारा स्थान दिया गया है, वह दुकानदार उक्त स्थल पर जाकर अपनी दुकानें लगाये, कोई भी दुकानदार यदि फिर से सड़क या पालिका की नाली पर अतिक्रमण करते हुए पाया जाता है तो सामान के जब्तीकरण की कार्यवाही करते हुए जुर्माना वसूल किया जायेगा. अभियान के दौरान जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, खुशबू खान, महेन्द्र सिंह यादव, हबीब खान, दीपेन्द्र कुमार, सुधीर रावत, धीरेन्द्र घावरी, संजय कुमार, अमित आदि मौजूद थे.

# स्कूल के वार्षिकोत्सव अभिव्यक्ति में हुई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

नवभारत न्यूज

**सागर 25 दिसंबर. जैन हायर सेकेंडरी स्कूल एवं जैन पब्लिक स्कूल का संयुक्त वार्षिकोत्सव अभिव्यक्ति संपन्न हुआ.**



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजी रमेश चौरसिया एवं विशिष्ट अतिथि संयुक्त संचालक आरएसके भोपाल प्राचीश जैन, उपसंचालक डॉ. आशुतोष गोस्वामी एवं डीईओ अरविंद जैन रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमंत सेठ उदयचंद जैन ने की. कार्यक्रम का शुभारंभ वर्णी जी के चित्र के समक्ष श्रीफल अर्पित कर किया गया. मंचासीन अतिथियों का स्वागत शाला परिवार द्वारा शॉल श्रीफल भेंट कर किया गया. इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र इंजी रमेश चौरसिया एवं पुरुषोत्तम चौरसिया ने विद्यालय निर्माण के लिए सवा लाख रुपए के दो चैक प्रदान किए. मंचासीन अतिथियों सेठ उदयचंद जैन, उपाध्यक्ष राजीव चौधरी, सचिव डॉ केके सराफ, प्राचीश जैन, अनिल जैन, डॉ केवलचंद जैन, ने भी सहयोग राशि दिए जाने की घोषणा की. कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं. डीईओ श्री जैन ने प्रबंध समिति द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे योगदान की जानकारी दी. श्री चौरसिया ने छात्र जीवन की चर्चा करते हुए बताया कि उनके द्वारा किए जा रहे व्यवसाय में विद्यालय द्वारा प्रदत्त शिक्षा एवं गुरुजनों का योगदान महत्वपूर्ण है. विद्यालय के पूर्व शिक्षक अजय सराफ ने श्री चौरसिया द्वारा समाज एवं पर्यावरण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी. कार्यक्रम में डॉ अरुण सिंघई, डॉ अरुण सराफ, वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक फुसकेले, अरविंद जैन, संतोष रांधेलिया, दिलीप रांधेलिया, अशोक वीर विशेष रुप से उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य पवन जैन, रत्नेश जैन, अनीता विश्वकर्मा, अदिति चौरसिया, वैशाली अग्रवाल, अनुष्का सोनी, इंशा कुरैशी ने किया. प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि दिए जाने की घोषणा की गई. आभार प्राचार्य रजनीश जैन ने माना.

### सागर मौसम

अधिकतम 26.0 (सा.)
न्यूनतम 10.5 (-1)
आर्द्रता:
सुबह/शाम: 76/60


### आम सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं वासुशरण सिंह ठाकुर English में VasuSharan Singh Thakur ने अपने नाम की Spelling Vasu Sharan Singh Thakur कर ली है। यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं, भविष्य में मुझे समस्त सरकारी अथवा गैर सरकारी अभिलेखों में इसी नाम से पढ़ा एवं जाना जावे।

Vasu Sharan Singh Thakur
(परिवर्तित Spelling)
VasuSharan Singh Thakur
(पुरानी Spelling)
एकता कॉलोनी वृंदावन वार्ड सागर म.प्र.